Publication: **Rashtriya Sahara** | Region: **Varanasi** | Date: **30/04/2015** | Page No.: **12**

रिलायंस लाइफ ने पेश किया नया हेल्थ प्लान

नई दिल्ली। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने बुधवार को एक नया व्यापक मेडिकल बीमा योजना 'हेल्थ टोटल' पेश की। इस योजना का नवीकरण 99 साल की उम्र तक किया जा सकेगा। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह नॉन लिंक्ड, नॉन पार्टिसिपेटिंग और नॉन वैरिएबल स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो पूर्ण स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराता है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने, गंभीर बीमारी व सर्जरी के लिए निश्चित लाभ कवर मिलेगा। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी खर्च लिया जा सकेगा।